हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025



## मैं राजनीति के जिस पायदान तक पहुंचा हूं, यह नांदगांव की जनता का ही चमत्कार है : डॉ.रमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पूर्व मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह का जन्मदिन आज किसी पर्व की तरह नजर आया। शहर में जगह-जगह बैनर-पोस्टर लगाकर उन्हें बधाई देने वालों की होड़ लगी रही। वहीं विधानसभा निवास कार्यालय में आमजनों से मुलाकात और शिवनाथ वाटिका में कार्यकर्ता सम्मेलन, वहीं स्टेट स्कूल मैदान में मुख्यमंत्री की मौजूदगी और मंत्रिमंडल की उपस्थिति में ऐतिहासिक आयोजन किया गया।





डॉ. रमन सिंह के जन्म दिवस को उत्साह से मनाने के लिए स्थानीय विधानसभा निवास कार्यालय में आज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के पहुंचते ही उनका उपस्थित जनता ने गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में आम जनता के अलावा अधिवक्ता संघ, समाजसेवी, व्यापारी, महिला संगठन, चिकित्सक सहित विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठन के लोगों ने पहुंचकर डॉ. रमन सिंह को अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी।

### खास है 2025 का वर्ष

डॉ. रमन सिंह ने अपने जन्मदिन दिवस के अवसर पर कहा कि राजनीति के जिस क्षेत्र में वह काम कर रहे हैं, यह राजनांदगांव संस्कारधानी का चमत्कार है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 कई मायनों में काफी खास है। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए खास अवसर है कि विधानसभा के 25 साल की यात्रा पूरी हो रही है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री कार्यकाल के 25 वर्ष भी इस साल पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 संघ के 100 साल पूरे होने का अद्भुत संयोग लाता है।

### कार्यकर्ता सम्मेलन में दिखा उत्साह

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर शहर के शिवनाथ वाटिका में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भी शामिल होते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्यकर्ताओं का आभार जताया। कार्यकर्ता सम्मेलन में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने शामिल होते हुए डॉ. रमन सिंह को उनके जन्मदिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी।

**विभिन्न संगठनों ने दी बधाई** : विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को स्थानीय लोगों द्वारा साफा पहनाकर उनके 73वें जन्म दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान उनका फूल-मालाओं और पुष्पगुच्छ से सम्मान किया गया। डॉ. रमन सिंह को बधाई देने के लिए लोगों में काफी उत्साह नजर आया। इस अवसर पर प्रदेश के कई भाजपा नेता सहित स्थानीय कार्यकर्ता शामिल हुए।

**नांदगांव की जनता ने दिया गौरवशाली स्थान** : अपने जन्मदिवस के अवसर पर जनता द्वारा बधाई-शुभकामनाएं देने लगी होड़ से अभिभूत होते हुए डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज मैं जो कुछ भी हूं, जैसा भी हूं, जहां भी हूं राजनांदगांव ने ही मुझे बनाया है। उन्होंने कहा कि यह गौरवशाली स्थान राजनांदगांव की जनता ने उन्हें दिया है। उन्होंने कहा कि मुझे यहां की जनता ने सांसद और विधायक बनाया, तब मैं यहां तक पहुंचा हूं। उन्होंने इसके लिए यहां के नागरिकों और मतदाताओं का धन्यवाद व्यापित किया।

## खाद्य सुरक्षा के जनक है डा. रमनः सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए डॉ. रमन सिंह ने कई बड़ी योजनाओं पर काम किया है। जिसमें खाद्य सुरक्षा सहित धान खरीदी योजना को अन्य राज्यों ने भी अपनाया है।

उन्होंने कहा कि आज राजनांदगांव की पवित्र भूमि में छत्तीसगढ़ के तीन बार के मुख्यमंत्री रहे, केन्द्र में मंत्री रहे, प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भी रहे। वर्तमान में विधानसभा के अध्यक्ष हैं। उनके प्रति यहां के लोगों का स्नेह अद्भुत है। हम प्रार्थना करते हैं कि डा. रमन सिंह दीर्घायु हो और इसी तरह से प्रदेश की जनसेवा करते रहे। उन्होंने कहा कि यह परम सौभाग्य की विषय है कि इस अवसर पर हमारे पूर्व गवर्नर जो कई बार सांसद रहे रमेश बैस उपस्थित हैं वहीं मंत्री मंडल के सभी साथी उपस्थित हैं।

### नेताओं की रही उपस्थिति

इस दौरान पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, मंत्री दयालदास बघेल, लक्ष्मी रजवाड़े, श्याम बिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, सवन्नी, हरिभूमि के प्रधान संपादक हिमांशु द्विवेदी, महापौर मधुसूदन यादव, विधायक अनुज शर्मा, श्रीमती वीणा सिंह, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, श्रीमती ऐश्वर्या सिंह, अनुराग सिंह देव, राजेश मूणत सहित मंत्रिमंडल के सदस्य एवं भाजपा पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद थे।



### मेरा राजनीतिक पुनर्जन्म नांदगांव में हुआः डॉ. रमन

इस समारोह में प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह ने लोगों से कहा कि आपने विधायक सांसद बनाया, मुझे केन्द्र में मंत्री बनने का अवसर आपने दिया। मेरा राजनीतिक पुनर्जन्म राजनांदगांव में हुआ। इस दौरान उन्होंने यहां के मंदिरों, पार्रीनाला दरगाह को नमन किया। उन्होंने राजनांदगांव की खान-पान जिक्र करते हुए मानव मंदिर का आलुगुंडा, खंडेलवाल का पोहा, लक्ष्मी की चाय, लक्ष्मी नारायण का समोसा, रतन का पान की सरहना की।

## कैलाश के शिव भजनों पर झूम उठी संस्कारधानी, गानों में थिरके लोग!



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर स्टेट हाईस्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक पद्मश्री कैलाश खेर ने बुधवार की रात अपनी अद्भुत आवाज से समां बांध दिया। कैलाश खेर ने एक से बढ़कर एक गीत गाए। कैलाश खेर ने दर्शकों से खूब तालियां बटोरी। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित प्रदेश के मंत्री, सांसद और विधायकों ने विस अध्यक्ष डॉ. सिंह को जन्मदिन की बधाई दी।

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह के जन्मदिन के अवसर पर जिला भाजपा कोषाध्यक्ष भावेश बैद द्वारा आयोजित समारोह में प्रसिद्ध गायक पद्मश्री कैलाश खेर ने अपनी सुफियाना आवाज से संस्कारधानी के लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। खेर ने इस दौरान अपने लोकप्रिय गाने सुनाए। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के लिए जैसे ही श्री खेर मंच पर पहुंचे, वहां मौजूद हजारों लोगों ने तालियों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। कैलाश खेर ने कई गानों की प्रस्तुति देकर लोगों की जमकर वाहवाही लूटी।



### सीएम ने दी बधाई

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह के जन्मदिन समारोह में पहुंचे राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा कि डॉ. सिंह ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को देश में अव्वल राज्य बनाने का काम किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में डॉ. सिंह का अहम योगदान रहा है। उन्होंने जन्मदिन के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं भी दी।

### एक घंटे पहले भर गया मैदान

प्रसिद्ध गायक श्री खेर के गानों को सुनने के लिए लोगों में अच्छा खासा उत्साह दिखाई दिया। हालात यह भी रहे कि कार्यक्रम के शुरू होने के करीब घंटेभर पहले से स्टेट हाईस्कूल का मैदान पूरी तरह भर गया था। आयोजकों द्वारा बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सियों की व्यवस्था किए जाने से लोगों को ज्यादा दिक्कतें नहीं हुई।






दीपावली पर्व पर सजे हमारे साथ खरीदें सूरत की साड़ी सूरत के दाम पर एक छत के नीचे पूरे परिवार के लिये खरीदें कपड़े
जिले का सबसे बड़ा शोरूम डोंगरगांव में फैमिली शॉप थोक भाव में रिटेल कपड़ा दुकान
प्रशांत होलसेल बाजार
पुराना स्टेट बैंक, फव्वारा चौक के समीप, डोंगरगांव
संपर्क सूत्र : सौरभ - 9981640064, प्रशांत - 8962960000
सभी कपड़े मार्केट रेट से 20% से 30% तक कम दाम में

आओ और हमारे साथ कम्प्यूटर सीखें
लक्ष्मी कम्प्यूटर एजुकेशन
DCA | PGDCA | ADCA | MS OFFICE | TALLY WITH GST | ACA | CCA | DEO
DCA, PGDCA में प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों को बैग, बुक, नोटबुक और पेन
कक्षा 10वी से 12वी कक्षा के अंदर के बच्चों के लिए विशेष ऑफर
पता : कालेज रोड, डोंगरगांव
Mo : 7089710020
हमारी सुविधाएं
- A.C.कम्प्यूटर लैब
- 24 घंटे Wi-Fi की सुविधा
- 24 घंटे CCTV
- Comfortable Class Room

## खबर संक्षेप

### जन्मदिन पर न्योता भोज



**मुरमुंदा।** प्राथमिक शाला भरूहाटोला की कक्षा पहली के छात्र देवराज पडोती और कक्षा चौथी की छात्रा शिवन्या साहू के जन्मदिन पर पालकों ने न्योता भोज का आयोजन किया। न्योता भोज में बच्चों को नमकीन, मीठा खिलाया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक धनुषराम, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी, बिंदाबाई मंडावी,पवन पडोती उपस्थित थे।

### ट्रक ने ट्रक को मारा टक्कर, लगी आग



**टाटेकसा।** बागनदी थाना अंतर्गत घोरतलाव में नागपुर से रायपुर जा रहे एक ट्रक ने ओवरटेक के चक्कर में टमाटर से भरे ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिससे अनियंत्रित होकर ट्रक पलट गया। वहीं ट्रक क्रमांक एमएच 40 बीएफ 7957 के केबिन में आग लग गई।घटना रात्रि करीब 11 बजे की घटना है। ट्रकों के बीच हुई टक्कर के बाद ट्रक चालक फंस कर तड़फ रहा था जिसे पेट्रोलिंग पुलिस एवं पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने सुरक्षित निकाला।

### एबीईओ साहू का स्वागत



**छुरिया।** विकासखंड स्त्रोत समन्वयक प्रहलाद दास साहू को सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के ब्लॉक अध्यक्ष कीरत कुमार गणवीर के नेतृत्व में शिक्षकों ने मुलाकात कर स्वागत किया। श्री साहू इसके पूर्व स्त्रोत समन्वयक के रूप मे तीन सालों तक पदस्थ रहे। इस दौरान चेतन दुबे, आनंद चंद्रवंशी, रत्नादीपा कोसरिया, राकेश खोब्रागढे, आशीष उके उपस्थित थे। यह जानकारी मिडिया प्रभारी अश्वनी साहू ने दी।

### निषाद समाज का परिचय सम्मेलन 26 को

**अर्जुनी।** क्षेत्रीय निषाद समाज, पंचगहिया निषाद समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आगामी 26 अक्टूबर को स्थानीय सेंट्रल स्कूल में निषाद समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। समाज के मीडिया प्रभारी चैन कुमार निषाद ने बताया कि समारोह में परिचय सम्मेलन में प्रतिभागी युवक युवती एवं कक्षा 10वीं, 12वीं के प्रतिभाशाली विद्यार्थी को मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर रिकॉर्डिंग डांस में प्रतिभागी बच्चों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में सामाजिक मेल-मिलाप, रीति-रिवाज, रहन-सहन, खान-पान, पारिवारिक मिलन आदि पर चर्चा की जाएगी। आयोजक समिति के मौजीराम निषाद, अश्विनी निषाद, शशि निषाद, मुकेश निषाद, बिसेसर निषाद, अमृत निषाद, बसंत निषाद, धनेश ने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आव्हान किया है।

### उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन



**तुमडीबोड।** जिला उपभोक्ता फोरम ने उपभोक्ता साक्षरता शिविर का आयोजन सोमवार को पंचायत भवन में किया। शिविर में उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू, सदस्य डॉ आनंद वर्गीश, वकील अमलेंदु हजारा शामिल हुए। शिविर में उपभोक्ता के अधिकार, शिकायत, समाधान आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। शिविर में डॉ विद्याविलास श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव, डॉ सुसन राज, सरपंच भुनेश्वरी साहू, सचिव यवेंद्र साहू, पंच पीतांबर साहू, जयराम साहू, दिलीप श्रीवास्तव, रवीना साहू, गीता साहू, नूतन साहू, जय साहू, बासन साहू, राजेश्वरी साहू, पुष्पा साहू, मीना साहू सहित अन्य शामिल हुए।

### सोलर सिस्टम लगाने किया प्रेरित



**डोंगरगांव।** स्थानीय मंडी परिसर में बुधवार को किसान सम्मेलन का वृहद आयोजन राज्य स्थापना और स्थानीय विद्याश्री क्रृषि केंद्र के 25 साल पूरे होने पर किया गया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी के संभागीय कार्यपालन अभियंता श्री उइके ने स्टाल में मौजूद रहकर किसानो और ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना से अवगत कराते हुए लोगों को घरों की छत पर सोलर सिस्टम लगवाने प्रेरित किया।

---

भारी पड़ सकती है प्रशासनिक लापरवाही

# नियमों की धज्जियां उड़ाकर पटाखा दुकानों का आबंटन

## प्रतिबंधित सामानों से शेड का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

दीवाली करीब आने के साथ ही नगर के पटाखा दुकानदारों ने बड़ी मात्र में पटाखा का भंडारण कर रखा है। आने वाले दिनों में नगर प्रशासन द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल मैदान में आबंटित अस्थाई दुकानों में पटाखों की बिक्री शुरू हो जाएगी। स्थाई अस्थाई दुकानों के आबंटन में सुरक्षा मापदंड की जिस तरीके से अनदेखी की गई है उससे कभी भी खतरनाक हालात बन सकते हैं।

जानकारी के अनुसार गत 11 अक्टूबर को दुकान आबंटित होने के बाद स्वामी आत्मानंद स्कूल मैदान में अस्थाई दुकान लगाने की तैयारी शुरू हो गई है। सभी दुकानों को एक दूसरे से जोड़ते हुए लगाया जा रहा है जबकि मापदंड के मुताबिक दो दुकानों के बीच कम से कम 3 मीटर की दूरी होना चाहिए। पटाखा दुकान का शेड किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादि का नहीं होना चाहिए। शेड टिन से निर्मित होने का प्रावधान है किन्तु शहर में इस प्रावधान की धज्जियां उड़ाते हुए ज्वनशील पदार्थों से शेड बनाया जा रहा है।



### खुले तारों का उपयोग

पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल लैप, गैस लैप एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित होता है। प्रावधान के मुताबिक विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना आवश्यक है ताकि शार्ट सर्किट होने की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बंद हो जाए। शहर में लगने वाली पटाखा दुकानों में खतरनाक तरीके से वायरिंग कर प्रकाश व्यवस्था किया जाता है।

### सुरक्षा की अनदेखी

प्रशासनिक लापरवाही के चलते पटाखा व्यवसायियों द्वारा सुरक्षा मापदंड की धज्जियां उड़ाते हुए लोगों के जीवन का खतरे में डालने में कोई कसर नहीं छोड़ा जाता है। जानकारी के अनुसार दुकान में अग्निशामक यंत्र होना भी आवश्यक है किन्तु किसी भी दुकान में अग्निशयन यंत्र मौजूद रहता है। सुरक्षा के लिहाज से नगर प्रशासन द्वारा अग्निशमन वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर दिया जाता है जिसके जरूरत पड़ने पर चलने की कोई गारंटी नहीं होती है। पटाखा दुकानों के सामने बाईक, कार की पार्किंग प्रतिबंधित होता है किन्तु देखने में आता है कि कार, बाईक दुकानों तक पहुंच जाती है। मौके पर अग्निशमन वाहन, एम्बुलेंस का फोन नंबर भी मौजूद नहीं रहता है।

---

## गर्भगृह में प्रवेश और पशु बलि के प्रयास पर बवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- घटना की सामाजिक जनों ने की निंदा

क्वांर नवरात्रि की पंचमी को माँ बम्लेश्वरी मंदिर में घटी घटना को लेकर शहर में विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण समाज, साहू समाज, कायस्थ समाज, कच्छ गुर्जर समाज एवं अखिल भारतीय राजपूत समाज ने इस घटना की निंदा की है।

समितियों ने बताया कि आदिवासी समाज के कुछ लोगों द्वारा पंचमी भेंट के दौरान मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कर पूजा-अर्चना की गई, जबकि मंदिर के नियम अनुसार आमजन का गर्भगृह में प्रवेश पूर्णतः वर्जित है। इसके साथ ही मंदिर परिसर के ऊपरी भाग में पशु बलि देने के प्रयास की सूचना सामने आई है। संगठनों ने कहा कि ऐसे अनधिकृत कृत्य धार्मिक आस्था और भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाले हैं। सभी समाजों ने प्रशासन से दोषियों पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग की है। बैठक में मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अनिल शर्मा, नीतिन शर्मा, साहू समाज के अध्यक्ष बिरेंद्र साहू, बीरबल साहू, कायस्थ समाज के अध्यक्ष फगेन्द्र श्रीवास्तव, भावेश श्रीवास्तव, कच्छ गुर्जर समाज के खुशाल प्रेमजी भाई चावडा, दिलीप शिवलाल भाई वेगढ़, अखिल भारतीय राजपूत महासभा के अध्यक्ष डॉ आलोक कलचुरी, विजेन्द्र सिंह, ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष अनिल पांडे, ललित शर्मा शामिल हुए।

---

## शिवराम अध्यक्ष निर्वाचित



- कोमल साहू चुने गए संगठन सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ निरेन्द्र साहू के प्रभाव वाले तहसील क्षेत्र में मंगलवार को साहू संघ के हुए प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में अध्यक्ष पद पर शिवराम साहू निर्वाचित हुए हैं। दो पदों पर महिलाएं निर्विरोध चुनी गई।

तहसील साहू संघ का चुनाव कर्मा भवन मटिया में संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद के लिए दो, उपाध्यक्ष और संगठन सचिव के लिए तीन-तीन अभ्यर्थीयो ने दावेदारी किया। एक से अधिक अभ्यर्थी के मैदान में होने के कारण मतदान प्रक्रिया के तहत पदाधिकारियों का चयन किया गया।

मतदान शुरू होने के पहले मतदाता कर्मा भवन पहुंचने लगे थे। जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के 889 मतदाताओं में से 753 ने अपने मतधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किया गया।

### सीधे मुकाबले में शिवराम निर्वाचित

अध्यक्ष पद के लिए हुए सीधे मुकाबले में शिवराम साहू 389 मत हासिल कर निर्वाचित हुए। उनके निकततम प्रतिद्वंदी मौजूदा अध्यक्ष हेमंत साहू को 357 वोट मिले। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबले में गणेशराम साहू 399 वोट हासिल कर निर्वाचित हुए। उन्होंने पुरुषोत्तम साहू को 66 मतों के अंतर से पराजित किया। संगठन सचिव के पद पर नगर पंचायत के भाजपा पार्षद कोमल साहू ने जीत हासिल किया। श्री साहू ने 343 मत हासिल कर मोहनीश साहू को परास्त किया।

### दो महिलाएं भी चुनी गई

सामाजिक नियमावली के मुताबिक उपाध्यक्ष और संगठन सचिव का एक-एक पद महिला के लिए आरक्षित था। उपाध्यक्ष के पद पर डेरहिन बाई और संगठन सचिव के पद पर पूनम साहू निर्विरोध निर्वाचित हुई। परिणाम घोषित होने के बाद प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डां निरेन्द्र साहू, जिला अध्यक्ष भागवत साहू, कमल किशोर साहू, अमरनाथ साहू आदि ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान विजय साहू, कुलेश्वर साहू, नोहर साहू, माधव साहू, नीलमणी साहू, डॉ नरेंद्र साहू, सोनूराम साहू, चुनेश्वर साहू, सुरेन्द्र साहू, डीकेश साहू, मनीष साहू, नरेश साहू, दिलीप साहू, रामप्रकाश साहू आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

---

### विधायक ने किया भूमिपूजन

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत गुमानपुर में सीसी रोड का भूमि पूजन और ग्राम कुसुमकुआ में आदिवासी भवन का लोकार्पण विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किया। नई सड़क के निर्माण से गुमानपुर और आसपास के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। विधायक बघेल ने कुसुमकुआ पहुंचकर आदिवासी भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर श्रीमती बघेल ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र का सर्वांगीण विकास है, और वह लगातार जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में काम कर रही हैं।



---

## बैठक में मतदाता पुनरीक्षण पर चर्चा

- पारदर्शिता से वोटर लिस्ट बनाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



एसडीएम के आव्हान पर मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य संबंधी बैठक जनपद पंचायत सभा हाल में आयोजित हुई। बैठक में हर बिंदु पर चर्चा की गई। विजय राज चैहान ने कहा कि एक व्यक्ति डोंगरगढ़ के अलावा नागपुर और गुजरात में भी मतदान करता है जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए।

एक व्यक्ति का नाम एक जगह की वोटर लिस्ट में हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने कहा जब कोई लोन लेने जाता है तो आधार कार्ड और पैन कार्ड देख कर यह बता दिया जाता है कि उसके नाम पर और कहां से लोन निकला है।यहीं प्रक्रिया निर्वाचन आयोग को भी अपनाना चाहिए। बैठक में पंचराम चंदेल, नरसिंग वर्मा, एडविन हैदर, गणपत रजक, दुलीचंद बडोले, पायल पूर्ति, संजीव बक्सरे, युवराज सेन, संजय सिन्हा, इमरान अहमद, वर्षा मेश्राम, निशा निर्मलकर, सलीम खान, परवेज खान, ईश्वर, कैलाश सोनवानी, विनय बंसल सहित निर्वाचन से जुड़े कर्मचारी मौजूद थे।

---

## निबंध में संजना और नारा लेखन में हुकुम प्रथम



**ठेलकाडीह।** संत गुरू घासीदास बाबा महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता से संबंधित नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग एवं विडियो मेकिंग का आयोजन किया गया। निबंध लेखन का विषय निर्वाचन प्रक्रिया में मीडिया की भूमिका था। छात्र-छात्राओं ने सभी कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। निबंध प्रतियोगिता में संजना यादव प्रथम, दुर्गेश साहू द्वितीय, नारा लेखन में हुकुमचंद वर्मा प्रथम, श्वेता वर्मा द्वितीय, पोस्टर मेकिंग में परमेश्वरी नेताम प्रथम, मानसी साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विडियो मेकिंग में भूषण ध्रुवे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर लक्ष्मी वर्मा, खुशबु साहू, चंचल वर्मा, नीलम साहू, रूचि साहू, सुनीति पाल एवं ईशा पटेल ने नुक्कड़-नाटक का मंचन किया।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




## खबर संक्षेप

### सांस्कृतिक कार्यक्रम 17 को

**पटेवा।** मासूल भाठापारा में दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में लक्ष्मी पूजा के मौके पर आगामी 17 अक्टूबर को चंपा बसंत नाच पार्टी भकुर्रा का छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम रखा गया है। आयोजक समिति कमलेश वर्मा ने लोगों से उपस्थित होने की अपील की है।

### शिविर में मरीजों का निःशुल्क उपचार

**डोंगरगढ़।** सीतागोटा में रजत जयंती महोत्सव एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के जन्मोत्सव के अवसर पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू, घनश्याम यादव, सरपंच बबिता टेम्भुरकर, दुर्गेश साहू, सुरेंद्र सेउतकर, बीएमओ सुचिता श्रीवास्तव शामिल हुए। इस मौके पर श्री साहू ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने 25 साल पहले छत्तीसगढ़ का निर्माण किया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री डां रमनसिंह ने समपर्ण भाव से छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने का प्रयास किया। एसबीआई फाउंडेशन, एसजी ग्लोबल एवं शिखर युवा मंच के तत्वावधान में आयोजित शिविर में 162 मरीजो का जांच की गई जिसमे बीपी के 120, सुगर 120, आँख 45, आयुष्मान 35 मरीज शामिल थे। शिविर में बीएमओ डॉ सुचिता श्रीवास्तव, मुक्ता कुजुर, डॉ योगेश कन्नौजे, डॉ टीएल देवांगन, सौरभ यादव, एमआई कोमा, ललिता शर्मा, राकेश शर्मा आदि उपस्थित थे।



### मनाया धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस



**डोंगरगढ़।** बाबा साहब अंबेडकर वंचित शोषित समाज के तत्वावधान में ६९ वां धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस के अवसर पर इंदिरा नगर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलित किया गया। सामूहिक वंदना किया गया। इस अवसर पर समाज के विनोद लक्ष्मण करसे का केक काटकर ४९ वां जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में तरुण हत्थेल, विनोद करसे, नरेश करसे, पप्पू इंदुरकर, शुभम परिहार, शक्ति भौवरेल, अमर समुद्रे, सुमित डकहा, राजु समुंद्रे, अनिल भौवरेल, सुशील डकहा आदि शामिल हुए।

### आदिवासी समाज ने रखा मुआवजा देने की मांग

**डोंगरगढ़।** माँ बम्लेश्वरी मंदिर के ऊपर ज्योति कक्ष में कार्यरत आदिवासी युवक शीतल मंडावी की गत 30 सितम्बर की रात संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। उसकी तबीयत बिगड़ने पर मंदिर में प्राथमिक उपचार किया गया किन्तु स्वास्थ्य सुविधा नहीं होने से स्थिति गंभीर हो गई। रोपवे होने के बाद भी युवक को सीढ़ियाँ के रास्ते स्ट्रेचर पर नीचे लाया गया, जिससे समय रहते उपचार नहीं मिल सका और रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। आदिवासी समाज ने मंदिर ट्रस्ट को लापरवाही के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए 25 लाख मुआवजा, मृतक के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा-स्वास्थ्य सुविधा, पत्नी को 5 हजार मासिक पेंशन देने की मांग की है।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया शस्त्र पूजन



**सड़क अतरिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को बुन्देली में शस्त्र पूजन कर पथ संचलन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोशन सिंह थे। उन्होंने सभी को संघ के शताब्दी वर्ष में प्रवेश पर बधाई दी। मुख्य वक्ता जिला प्रचारक पुष्पेन्द्र ने बताया कि संघ की स्थापना 1925 को हिंदू समाज को संगठित कर भारत को परम वैभव के शिखर पर पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया था। वर्तमान में 1 करोड़ से अधिक स्वयंसेवक है। विश्व के 55 से अधिक देशों में अलग अलग नामों से संघ अपने विचारों को फैलाते हुए नियमित शाखाओं के माध्यम से चरित्रवान नागरिक निर्माण कर रहा है। उन्होंने शस्त्र पूजन का उद्देश्य भी लोगों को बताया। कार्यक्रम में संघ चालक अमिलाल, विशाल मारुतकर, बलदाऊ सोनी, खिलावन सेन, दिवाकर सोनी, कोमल जंघेल, विक्रांत सिंह, श्रवण, भानु पाल, गौतम जंघेल, नेपाल ठाकुर, सुरेंद्र गुप्ता, लोकेश, योगेश पाल सहित अन्य शामिल हुए।

### मौजूदा धान खरीदी से किसानों को नुकसान



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने राज्य सरकार से किसानों की मेहनत का उचित मूल्य देने और धान खरीदी 1 नवंबर से आरंभ करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में धान के समर्थन मूल्य में 186 रुपए की वृद्धि हुई है जबकि बढ़ी लागत को देखते हुए इस वर्ष धान खरीदी 3286 रुपए प्रति क्विंटल की दर से होनी चाहिए। सरकार द्वारा 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी करना किसानों के साथ अन्याय है। वर्तमान खरीदी से किसानों को प्रति एकड़ 3906 रुपए का नुकसान होगा। विष्णु लोधी ने बताया कि अब तक 21 लाख किसानों का धान बेचने के लिए पंजीयन हुआ है, जबकि पिछले वर्ष 28 लाख किसानों ने धान बेचा था। 7 लाख से अधिक किसान अभी भी पंजीयन कराने से वंचित हैं। एग्री-स्टेक पोर्टल की तकनीकी दिक्कतों के कारण पंजीयन अधूरा है। उन्होंने सुझाव दिया कि जिन किसानों का पोर्टल से पंजीयन नहीं हो पा रहा, उनका पंजीयन सोसायटी स्तर पर किया जाए।

#### किसान कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# एग्रोस्टेक पोर्टल में कई खामियां पंजीयन से कई किसान वंचित

## 65 प्रतिशत किसान पंजीयन से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

ऐग्रो स्टेक पोर्टल में व्याप्त खामियों के कारण जिले के लगभग 65 प्रतिशत किसानों के पंजीयन से वंचित होने तथा पुराने पद्धति से पंजीयन कराने की मांग को लेकर जिला किसान कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के नाम पर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष देवराज किशोर दास ने कहा कि किसान कांग्रेस के प्रतिनिधि जिले के किसानों की समस्या की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने पहुंचे हैं। वर्तमान में किसानों के पंजीयन के लिए अनिवार्य किए गए एग्रो स्टेक पोर्टल में गंभीर त्रुटियां है। खामियों को कारण जिले के लगभग 65 प्रतिशत किसान धान बेचने के लिए पंजीयन नहीं करा पाएं हैं।



### कांग्रेसजनों ने निकाली रैली

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय से रैली निकालकर तहसील कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम पर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष देवराज किशोर दास, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास, मोतीलाल जंघेल, रामकुमार पटेल, कोमल साहू, भीखम छाजेड़, गिरवर जंघेल, सज्जाक खान, रोहित पुलस्त्य, अनिमेष महोबिया, मनीष कोचर, संजू नेताम, शैलेन्द्र तिवारी, चंदू यद्दु, कमलेश यादव, नजारुद्दीन, दिलीप महोबिया, मनीराम सहित क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

### समर्थन मूल्य से वंचित हो जाएंगे किसान

पूर्व विधायक गिरवर जंघेल ने बताया कि किसानों के पंजीयन नहीं होने के कारण किसान इस वर्ष घोषित समर्थन मूल्य 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान बेचने से वंचित हो जाएंगे। क्षेत्र के किसानों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी। उन्होंने पुराने नियम अनुसार किसानों से धान खरीदी करने की मांग की है। धान खरीदी को लेकर हो रहे परेशानी को अवगत कराते हुए ब्लाक कांग्रेस कमेटी के भीखमचंद छाजेड़, रामकुमार पटेल, कोमल साहू ने कहा कि तकनिकी बाधाएं पोर्टल पर भू अभिलेखों को सही ढंग से प्रदर्शित न होना, बार-बार सर्वर का डाउन होना और सत्यापन प्रक्रिया में देरी प्रमुख बाधाएं है। किसान कांग्रेस ने जिले के किसानों की ओर से सरकार से रजिस्ट्रेशन की तारीख बढ़ाने, पुरानी पद्धति से पंजीयन प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है।

## ग्रामीणों को क्यूआर से मिल रही मनरेगा की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गांरटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत पारदर्शिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डोंगरगांव विकासखंड में नई डिजिटल पहल की गई है। इसके तहत राजनांदगांव विकासखंड के सभी 76 ग्राम पंचायतों में 7 अक्टूबर को आयोजित रोजगार दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को क्यूआर कोड प्रणाली के संबंध में जानकारी दी गई है। इस पहल के तहत अब कोई भी ग्रामीण अपने मोबाइल से पंचायत भवन या सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर पंचायत से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकते हैं। इनमें पिछले तीन वर्षों के स्वीकृत कार्यों की सूची, व्यय राशि, प्रगतिरत कार्य, जॉब कार्डधारियों की संख्या एवं कुल सृजित मानव दिवस की जानकारी शामिल है। डोंगरगांव विकासखंड की सभी पंचायतों में पंचायत भवन सहित प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर क्यूआर कोड चस्पा कर दिया गया है। प्रशासन के निर्देशन में रोजगार दिवस पर क्यूआर कोड प्रणाली की व्यापक जानकारी ग्रामीणों को प्रदाय करने के संबंध में जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## प्रज्ञागिरी के विकास और विस्तार पर हुई चर्चा



**डोंगरगढ़।** बौद्ध तीर्थ स्थल प्रज्ञागिरी में रविवार को प्रज्ञागिरी ट्रस्ट समिति एवं प्रज्ञागिरी सलाहकार समिति के तत्वावधान में बैठक का आयोजन अध्यक्ष विनोद खांडेकर की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में प्रज्ञागिरी के विकास एवं विस्तार पर चर्चा की गई। चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण, समीक्षा एवं आगामी सामाजिक कार्यक्रम की योजना बनाया गया। अध्यक्ष खांडेकर ने निर्माण कार्यों से उपस्थित लोगों को अवगत करवाया। उन्होंने आगे की जरूरत पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि केएन कांडे ने कहा कि प्रज्ञागिरी तीर्थ हमारी विरासत है जिसके विकास और विस्तार की जिम्मेदारी सबकी है। डॉ उदय धाबरे ने प्रज्ञागिरी के विकास के लिए योजनाबद तरीके से कार्य करने पर जोर दिया। भोजराज गौरखेड़े ने बताया कि कुछ दिन पहले गृहमंत्री अमित शाह से बौद्ध समाज के प्रतिनिधि मंडल ने रायपुर में मुलाकात कर महाबोधि महाविहार आंदोलन एवं अन्य पर अपनी बात रखी। अंत में आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष धीरज मेश्राम एवं संचालन शैलेंद्र डोंगरे ने किया। बैठक में शैलेष बडमे, संजय गजघाटे, अतुल वासनिक, त्रिलोक चौरे, अनिल मेश्राम, सुनील रामटेके, नरेंद्र खोबरागड़े, अनिल खोबरागड़े, डॉ ललित रामटेके, सुरेश सहारे, सुनील नागदौने, चंद्रशेखर बोरकर, शुभम खोबरागड़े, गौतम रामटेके, सविता मेश्राम, ललिता साखरे, सावन टेम्बुलकर, बादल वाल्दे, रूपा टेम्बुलकर, संगीता टेम्बुलकर, अमन जनबंधु, पुरुषोत्तम रामटेके, मिलिंद टेम्बुलकर, अक्षय डोंगरे, राधेलाल बोदलकर, किरण मेश्राम, रुपेश भास्कर, हेमंत अम्बादे, मीना चंद्रिकापुरे, अरूणा गजभिये, अनुपमा सहित अन्य शामिल हुए।

## पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष साहू का भव्य स्वागत

- भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किया आत्मीय अभिनंदन
- संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भाजपा के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू के प्रथम जिला आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय केसीजी में आयोजित कार्यक्रम में जिलेभर से पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. बिशेषर साहू ने कहा कि अशोक साहू का यह पहला जिला स्तरीय दौरा है और यह हम सभी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने जानकारी दी कि जिले में कुल 405 बूथ हैं और आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए हर बूथ को मजबूत बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के जिला महामंत्री नवनीत जैन ने किया, वहीं आभार प्रदर्शन पूर्व जिलाध्यक्ष घम्मन साहू ने किया।इस दौरान कार्यक्रम में शशांक ताम्रकार, हरप्रसाद वर्मा, जैनेन्द्र जंघेल, आनंद सिन्हा, नीलिमा गोस्वामी, दिनेश वर्मा, भावेश कोचर, आनंद पटेल, गोरेलाल वर्मा, राकेश ठाकुर, शत्रुहन साहू, राजकुमार जंघेल, युवराज पटेल, बलराम जंघेल, पंकज सिंह, सन्तन साहू, धुर्वा राम वर्मा, केशव चंदेल, वंदना तांडेकर, श्यामसुंदर साहू, जयप्रकाश साहू, रेखचंद जंघेल, ललित सोनी, अवधेश मिश्रा, डोरेलाल साहू, भानुप्रताप साहू सहित बड़ी संख्या में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### 52 प्रतिशत आबादी पिछड़े वर्ग से

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा संगठन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है, क्योंकि छत्तीसगढ़ में लगभग 52% आबादी पिछड़े वर्ग से आती है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करती है। श्री सिंह ने कहा कि अशोक साहू जैसे अनुभवी नेता के नेतृत्व में मोर्चा और मजबूत होगा और आने वाले समय में सभी आठों मंडल से पिछड़ा वर्ग मोर्चा बेहतर प्रदर्शन करेगा।

### योजनाओं को पहुंचाना होगा

इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने सभी कार्यकर्ताओं का आत्मीय स्वागत के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसने पिछड़े वर्ग को पहचान दिलाई है। उन्होंने बताया कि ओबीसी मोर्चा का कार्य है कि प्रदेश की 95 पिछड़ी जातियों को भाजपा से जोड़ा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में भाजपा की सरकार फिर से छत्तीसगढ़ में बनानी है, इसके लिए ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक जाकर केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना होगा।

### ओपन कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित

**राजनांदगांव।** शहर के नंदई चौक में एक्सपर्ट जिम, श्री बाली अखाड़ा नंदई-बांसपाई पारा, आजाद हिंद अखाड़ा मोतीपुर के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय ओपन कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा बतौर अतिथि शामिल हुए। आयोजन समिति के संदीप सोनी, एक्सपर्ट जिम के संचालक खिलेश बंजारे ने प्रतिभागियों व समिति के सदस्यों के साथ उनका माला पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने समिति के सदस्यों के साथ फाइनल मैच भी देखा। तत्पश्चात प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आए प्रतिभागियों को उन्होंने समिति के सदस्यों सहित स्मृति चिन्ह व पुरस्कार राशि भेंट कर सम्मान किया।

### दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार

**राजनांदगांव।** समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष 3 दिसंबर अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जाता है। दिव्यांगजनों के सामाजिक समावेशन एवं अधिकार आधारित प्रोत्साहन के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। जिले के उत्कृष्ट दिव्यांग कर्मचारियों, दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाली स्वैच्छिक संस्थाओं, नियोक्ताओं के अतिरिक्त सर्वोत्तम जिला संवर्ग में आवेदन निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी समाज कल्याण विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

#### विद्यार्थियों ने किया ग्रामीणों को जागरूक

## रावे कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक व रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

रानी अवंतीबाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, छुईखदान के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों ने ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम (रावे) के अंतर्गत ग्राम गोपालपुर में नुक्कड़ नाटक और जनजागरूकता रैली का आयोजन किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों और ग्रामीणों को आधुनिक कृषि तकनीकों, बीजोपचार की महत्ता तथा कीटनाशकों के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करना था। विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरल भाषा में बीजोपचार की प्रक्रिया, कीटनाशकों के सही छिड़काव के तरीके और असावधानी से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी।

इसके साथ ही विद्यार्थियों ने रैली निकालकर पूरे गांव में वैज्ञानिक खेती अपनाने का संदेश दिया। रैली के दौरान टोकन तुहार हाथ, वैज्ञानिक खेती समृद्धि की सीढ़ी जैसे नारे लगाकर जागरूकता फैलाई गई। पोस्टरों के जरिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पशु टीकाकरण समय-सारणी और पौधों में पोषक तत्वों की कमी से संबंधित जानकारी साझा की गई। यह आयोजन डॉ. अविनाश कुमार गुप्ता, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, छुईखदान के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संचालन में डॉ. अरविंद कुमार नन्दनवार, डॉ. सेवक ढेंगे, डॉ. ओपी सोनवानी, डॉ. दीपिका देवदास, डॉ. प्रेरणा जैसवाल एवं डॉ. झरना देवदासानी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में ग्राम गोपालपुर के किसान, महिलाएं, युवा और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





## खबर संक्षेप

### अंतर शालेय चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव द्वारा आयोजित अंतर शालेय चित्रकला प्रतियोगिता में यामिनी क्रीड़ा एवं कला केन्द्र के अध्यक्ष




रीतेश देवांगन और हायर सेकंडरी स्कूल जंगलपुर के प्राचार्य पूनाराम यादव निर्णयक के रूप में शामिल हुए और विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य मधुसूदन नायर एवं प्रतिभागी शालाओं के चित्रकला प्रशिक्षक उपस्थित थे।

### 91 वरिष्ठजन करेंगे यात्रा

**राजनांदगांव।** श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना के तहत जिले के 55 वर्ष से अधिक और 75 वर्ष से कम उम्र के 91 वरिष्ठजनों को 19 से 22 नवंबर तक अयोध्या धाम की यात्रा करायी जाएगी। यात्रा के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय समाज कल्याण विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

### पौधरोपण कर ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025-26 के अंतर्गत आदर्श ग्राम सुरगी में पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के



जन्मदिवस के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सरपंच सुग्रीव साहू, उप सरपंच युवराज साहू, पंचायत सचिव जावंतीन चंदेल, रोजगार सहायक जामबाई ठाकुर, पंच महेश दिवाकर, पंचायत ऑपरेटर रूपेंद्र चतुर्वेदी, मितानिन बहनें एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति में पौधे लगाए गए। लोगों ने पेड़ों की सुरक्षा और जल संरक्षण की शपथ ली।

### मदनमोहन साहू संघ डोंगरगढ़ के अध्यक्ष निर्वाचित

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिला साहू संघ के निर्देशानुसार तहसील साहू संघ डोंगरगढ़ में 14 अक्टूबर को मां कर्मा सामाजिक भवन तहसील



कार्यालय अछोली डोंगरगढ़ में शांतिपूर्ण ढंग से निर्वाचन संपन्न हुआ। तहसील साहू संघ के अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया गया था। पहला प्रत्याशी हेमंत साहू और दूसरे प्रत्याशी मदनमोहन साहू रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मदनमोहन साहू ने भारी मतों से विजयी प्राप्त किया। तहसील साहू संघ डोंगरगढ़ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष मदनमोहन साहू, उपाध्यक्ष पुरूष अशोकदास साहू, उपाध्यक्ष महिला लता साहू, संगठन सचिव पुरूष नामदेव साहू, संगठन सचिव महिला रामेश्वरी साहू निर्वाचित हुए हैं। यह जानकारी तहसील साहू संघ डोंगरगढ़ के सलाहकार योगदास साहू ने दी।

### विस अध्यक्ष रमन करेंगे दीदीयों को साड़ी वितरण

**राजनांदगांव।** नगर निगम द्वारा सफाई कर्मियों एवं स्वच्छता दीदीयों को समय-समय पर वर्दी, साड़ी, रैनकोट के अलावा अन्य सुरक्षागत सामग्री का वितरण किया जाता है। इसी कड़ी में दीवाली त्योहार के पूर्व महिला कर्मियों को साड़ी वितरण किया जाना है। पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में कल 16 अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डे की उपस्थिति में स्वच्छता दीदीयों, निगम की महिला कर्मियों एवं वूमेन फार ट्री अंतर्गत स्व सहायता समूह की दीदीयों को साड़ी वितरण करेंगे। महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि नगर निगम द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियो एवं सफाई कर्मियों को वर्दी साड़ी के अलावा अन्य आवश्यक समाग्री का वितरण किया जाता है। इसी कड़ी में निगम की महिला कर्मियों को हिन्दुओं का सबसे बड़ा पर्व दीपावली के पूर्व साड़ी का वितरण किया जाएगा। उक्त साड़ी वितरण कार्य आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष अपने जन्मदिवस के शुभ अवसर पर सांसद होदय की उपस्थिति में अपने हाथों से वितरण करेंगे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, शहर के गणमान्य नागरिकों, पार्षदों एवं पत्रकार बंधुओ से कार्यक्रम में उपस्थित होकर महिला कर्मियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

### कॉन्फ्लूएंस कॉलेज में दीया प्रदर्शनी

**राजनांदगांव।** दीपावली अवसर पर कॉन्फ्लूएंस कॉलेज के ईको क्लब एवं



बेस्ट प्रैक्टिस सेल द्वारा एक अभिनव और पर्यावरण-अनुकूल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष प्रदर्शनी की उल्लेखनीय बात यह रही कि प्रदर्शित सभी दीये पुनः उपयोग की गई वस्तुओं से बनाए गए। छात्रों ने इन सामग्रियों को रचनात्मक रूप से सजाया और रंगों, सजावटी सामग्रियों, पेपर कटिंग, जूट, वेस्ट कपड़े आदि की सहायता से खूबसूरत दीयों का निर्माण किया। इस पहल ने न केवल पर्यावरण-संवेदनशीलता को दर्शाया, बल्कि यह भी दिखाया कि पुरानी वस्तुएं भी कला और संस्कृति का हिस्सा बन सकता है। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते कहा कि यह प्रदर्शनी न केवल रचनात्मकता का प्रतीक है, बल्कि हमारे छात्रों की पर्यावरणीय चेतना और सामाजिक जिम्मेदारी का भी प्रमाण है। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट के अंतर्गत बनाए गए दीये इस बात का उदाहरण है कि हम बिना नए संसाधनों का उपयोग किए भी त्योहार को सुंदर, जागरूक और अर्थपूर्ण बना सकते हैं। महाविद्यालय के संचालक संजय अग्रवाल ने बताया कि "दीया केवल रोशनी नहीं, हमारी परंपरा, ऊर्जा और सकारात्मकता का प्रतीक है, जब छात्र इन्हें अपने हाथों से बनाते हैं, तो उसमें उनकी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी दोनों झलकती हैं। उन्होंने इकोफ्रेंडली दीये की सराहना करते छात्रों का उत्साहवर्धन भी किया।

### मेडिकल के विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के ब्लड सेंटर में मेडिकल विद्यार्थियों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में मानवता और सेवा की भावना का परिचय देते मेडिकल छात्रों ने रक्तदान किया। अधिष्ठाता शासकीय मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव डॉ. पीएम लुका ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान श्रेष्ठ मानवीय कर्मों में से है। यह किसी के जीवन बचाने का अवसर भी है और कर्तव्य भी।

### कचरा नहीं फेंकने की दी सलाह

# कलेक्टर यादव ने शहर की साफ सफाई का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवागत कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बुधवार सुबह शहर के मध्य क्षेत्र का भ्रमण कर साफ-सफाई का जायजा लिया और शहर को साफ एवं स्वच्छ रखने प्राथमिकता से कार्य करने निगम के अमला को निर्देशित किया। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा से कहा कि दीपवाली पर्व को देखते शहर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने नागरिको से रूबरू होकर स्वच्छता से जुड़ने अपील भी की।

कलेक्टर यादव ने नागरिकों से रूबरू हो साफ-सफाई रखने, स्वच्छता अपनाने अपील की। साथ ही फल ठेला वालों से कचरा नहीं फैलाने तथा डस्टबिन का उपयोग करने समझाईस दिए। उन्होंने स्वच्छता दीदीयों से कहा कि प्रतिदिन हर घर कचरा संग्रहण कर शत-प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करें तथा घर में ही गीला-सूखा कचरा पृथककर देने समझाईस दें। उन्होंने रानीसागर-बुढ़ासागर का निरीक्षण कर तालाब के किनारे मलमा हटा सफाई रखने कहा। सौंदर्यीकरण के लिए कार्ययोजना बनाने निर्देश दिए। सफाई अमला को कहा कि सड़क किनारे गायों को चारा खिलाने वालों से बर्तन में चारा रख खिलाने व सफाई करने समझाईस दें। उन्होंने आयुक्त विश्वकर्मा से कहा कि शहर को स्वच्छ एवं साफ रखने साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए और अधिकारी प्रतिदिन मानिटरिंग करें।



#### कचरा फैलाने वालों पर करें कार्रवाई

कलेक्टर श्री यादव सुबह शहर के मध्य क्षेत्रों में भ्रमण कर साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने नाली व सड़कों की नियमित सफाई करने तथा आगामी दिनों में दीपावली पर्व को ध्यान में रखकर शहर में समुचित साफ-सफाई करने कहा। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन में शहर में भीड़भाड़ का माहौल रहता है, इसलिए सुबह से ही बाजार क्षेत्र में साफ-सफाई किया जाए। शहर मुक्कड़ों की सफाई कर नागरिकों को कचरा नहीं फेंकने समझाईस दें। सड़क पर मलमा व कचरा फैलाने वालों पर कार्रवाई करें तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने समझाईस दें। एजुकेशन हब निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्रावास के आसपास तथा नालियों की नियमित सफाई के निर्देश दिए।

## जिपं सीईओ ने ली बैठक

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने मिशन जल रक्षा अंतर्गत फसल चक्र परिवर्तन में किसानों की भागीदारी बढ़ाने के संबंध में अधिकरियों एवं किसानों की बैठक ली। जिला पंचायत सीईओ ने जिले में कृषि विभाग द्वारा मैदानी अधिकारियों के माध्यम से क्लस्टर बनाकर दलहन, तिलहन तथा मक्का फसल के क्षेत्र बढ़ाने हेतु चयनित किसानों तथा राजगामी संपदा की भूमि को लीज पर लेकर खेती करने वाले किसानों तथा कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने रबी 2025-26 में फसलों का रकबा बढ़ाने तथा कृषकों को कम कृषि लागत में कम जल मांग वाले और अधिक मुनाफा देने वाली फसलों के चयन करने में सहयोग करने कहा।

बैठक में किसानों को जिले की भौगोलिक स्थिति एवं मृदा के प्रकार तथा कम जल मांग की आवश्यकता को ध्यान में रखते फसलों के चयन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। किसानों से क्षेत्रवार उनके द्वारा फसल चयन एवं अन्य आदान सामग्री उपलब्धता की जानकारी ली गई। कृषि विभाग द्वारा किसानों और मक्का से उत्पाद निर्माण करने वाले कंपनियों का किसानों से सीधा संवाद कराया गया। जिसमें मक्के की फसल के प्रति किसानों की सहमति बनी। बैठक में प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत रबी में चना सरसों और मसूर फसलों की खरीदी समर्थन मूल्य पर होने की जानकारी दी गई। किसानों ने सरसों बीज उपलब्ध कराने पर फसल चक्र परिवर्तन में सरसों की फसल के रकबे को बढ़ाने हेतु अपनी सहमति दी।

बैठक में गौरमेड पॉपकॉर्निका कंपनी के प्रतिनिधियों ने किसानों को मक्के की बीज उपलब्ध कराकर 1700 रुपए प्रति क्विंटल में मक्का खरीदी करने तथा किसानों के साथ कांट्रैक्ट फार्मिंग कर एमओयू करने प्रस्तुतीकरण किया गया। एबीस कंपनी द्वारा मक्का खरीदी हेतु किसानों को सहमत किया गया।

उल्लेखनीय है कि मिशन जल रक्षा अंतर्गत जिले में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर सराहा जा रहा है। इसी प्रयास को आगे बढ़ाते किसानों को कम जल मांग वाले फसलों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिसका सकारात्मक परिणाम किसानों की सहमति के रूप में प्राप्त हो रहा है।

## मतदान केन्द्रों की सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजनांदगांव जिला अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण हेतु प्रेषित प्रस्ताव पर सहमति एवं स्वीकृति मिलने के बाद उपाबंध 6 में मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन किया गया है। राजनांदगांव जिले अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्र. 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति), विधानसभा क्षेत्र क्र. 75-राजनांदगांव, विधानसभा क्षेत्र क्र. 76-डोंगरगांव एवं विधानसभा क्षेत्र क्र. 77-खुज्जी के मतदान केन्द्रों की सूची का अवलोकन राजनांदगांव जिले की वेबसाईट पर किया जा सकता है।

## भव्य पद संचलन का आयोजन

**राजनांदगांव।** नंदई चौक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्वामी विवेकानंद शाखा नंदई बस्ती के तत्वावधान में 13 अक्टूबर को भव्य पद संचलन का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में बस्ती प्रमुख मनोज यादव के नेतृत्व में चारों वार्डों के पार्षद रवि सिन्हा, केवरा विजय राय, सतीश साहू एवं अरुण साहू पूर्ण गणवेश में पद संचलन का हिस्सा बने। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा व मुख्य वक्ता सह जिला कार्यवाह पुष्कर राज बक्शी तथा विशेष अतिथि सह नगर संचालक संजय सोनी उपस्थित थे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। मुख्य ध्वजवाहक के रूप में मूलचंद भंसाली ने दायित्व का निर्वहन किया। नंदई बस्ती की गलियों में अनुशासन, देशभक्ति और संगठन के स्वरों से गूंजता यह पद संचलन स्थानीय नागरिकों के आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में विष्णु साव, गितेश गुप्ता, चिंटू सोनकर, सुरेंद्र सोनकर सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित रहे।

## 90 लीटर कच्ची महुआ शराब और 50 किग्रा महुआ लाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, भंडारणकर्ता, परिवहनकर्ताओं, सार्वजनिक स्थल पर मद्यपान करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धरपकड़ अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम छिंदगांव जंगल में अज्ञात 90 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 50 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई।

कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त राजनांदगांव ग्रामीण तुलेश्वरी देवांगन, आबकारी मुख्य आरक्षक



मिलाप मंडावी, किशोरी कुमरे, दीपक सिन्हा शामिल थे। जिले में अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही सभी वृत्त प्रभारियों को होटल-ढाबों की नियमित जांच और अवैध मदिरा विक्रय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

## ग्रामीणों ने स्वच्छता का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025-26 के तहत आदर्श ग्राम सुरगी में पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक डॉ. रमन सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों ने मिलकर गांव के तालाब पचरी एवं सार्वजनिक स्थलों पर झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की।

कार्यक्रम में सरपंच सुग्रीव साहू, पंचायत सचिव जामवतीन चंदेल, उपसरपंच युवराज साहू एवं पंचगणों की उपस्थिति रही। स्वच्छता अभियान के बाद उपस्थित लोगों को हाथ धुलाई के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी गई तथा स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर ग्रामीणों ने डॉ. रमन सिंह के प्रति शुभकामनाएं प्रेषित करते कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह निरंतर जन-आंदोलन होना चाहिए।

शपथ ग्रहण के मौके पर सुग्रीव साहू सरपंच, जावंतीन चंदेल सचिव, युवराज साहू उपसरपंच, महेश दिवाकर पंच, भुवनेश्वरी देवदास पंच, वेदिका, पुष्पा, बसंती, उत्तरा, हुलसीबाई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, टूमीनबाई मितानिन प्रेरक, भारती साहू, कमलेश्वरी मितानिन, गैंदलाल, रूपेंद्र चतुर्वेदी पंचायत ऑपरेटर एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## अभाविप नांदगांव की नवीन नगरीय कार्यकारिणी घोषित


**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय



विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की राजनांदगांव इकाई की नवीन नगरीय कार्यकारिणी की घोषणा उत्साहपूर्वक संपन्न हुई। अक्षत श्रीवास्तव को पुनः नगर मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। निकिता श्रीरंगे, प्रतीक गढ़वाल और भूपेंद्र पाल को नगर सहमंत्री नियुक्त किया गया है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रांत सह मंत्री अमन नामदेव, प्रांत साविष्कार सह प्रमुख चंदना श्रीवास्तव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धनंजय पांडेय तथा जिला संयोजक जीत प्रजापति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहमंत्री निकिता श्रीरंगे ने किया। नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने कहा कि अभाविप केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक विचार है, जो विद्यार्थियों में राष्ट्रभाव, सेवा और नेतृत्व की भावना जागृत करता है। प्रांत सह मंत्री अमन नामदेव ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम है। प्रांत साविष्कार सह प्रमुख चंदना श्रीवास्तव ने कहा कि अभाविप विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, नेतृत्व और सेवा भावना को निखारने का एक सशक्त मंच है। अंत में सहमंत्री प्रतीक गढ़वाल ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

परिषद की नगर कार्यकारणी में सहमंत्री निकिता श्रीरंगे, प्रतीक गढ़वाल, भूपेंद्र पाल, नगर महाविद्यालय प्रमुख जीत शर्मा, सहप्रमुख आदित्य, वेनुका, स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट कुलदीप, सह प्रमुख अंशराज भाटिया, स्टूडेंट्स फॉर सेवा प्रमुख चैतन्या त्रिवेद्वी, राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख युक्ता मांडवी, सहप्रमुख प्रिया, नगर विद्यालय प्रमुख दिव्य द्विवेदी, सह प्रमुख प्रतीक्षा वर्मा, सोशल मीडिया प्रमुख यश श्रीवास्तव, सह प्रमुख ओजस उइके आदि कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपा गया।



# इंस्टाग्राम में वर्क-टू-होम के नाम पर शिक्षिका से छह लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इंस्टाग्राम में वर्क-टू-होम के नाम पर महिला शिक्षिका का पूरा प्रोफाईल लेकर पैसा कमाने का लालच देकर 6 लाख रुपए की ठगी करने के मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार 15 अक्टूबर को थाना कोतवाली में एक शिक्षिका महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह इंस्टाग्राम चलाती है, जहां उसे वर्क-टू-होम का विज्ञापन दिखा। जिसमें वह अपना इंन्टेस्टेड होना बताई। इसके बाद महिला से उसका व्हाट्सअप नंबर लेकर महिला से एक योजना के बारे में जानकारी देकर महिला का नाम , पता, उम्र व प्रोफशन की जानकारी लेकर रिव्यु करने और विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन टॉस्क पूरा करने नाम पर पहले 200, 300, 1100, 710 रुपए कुल 5000 लगभग इसके खाते में स्थानांतरण किए गए।



## झांसे में न आए

इस मामले में थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात लिंक, व्हाट्सअप नंबर और खाता नंबर की जानकारी लिया जा रहा है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि किसी प्रकार के ऑनलाइन पैसा कमाने के झांसे में न आएं तथा असुरक्षित व अज्ञात लिंक, व्हाटसअप नंबर या टेलीग्राम पर अपनी जानकारी न दें।

## पैसा जमा करने का दिया टॉस्क

इसके बाद महिला को व्हीआईपी मेम्बर बनाने और अधिक पैसा कमाने का झांसा देकर पैसा जमा करने का टॉस्क दिया गया। जिसमें उसे बीच-बीच में स्टेटमेंट दिया गया और पैसा बढ़ने का लालच देते रहे और धीरे-धीरे पैसा जमा करती रही, जब प्रार्थिया ने विड्राल के लिए बोला, तब तक देर हो चुकी थी और महिला 6 लाख रुपए की ठगी का शिकार हो चुकी है।



# ग्रामीण खेल प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाविद्यालयीन गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में ग्रामीण खेलों के संरक्षण एवं प्रोत्साहन के लिए शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में 10 एवं 11 अक्टूबर को एक भव्य ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय प्रांगण में अपरान्ह 12 बजे से आरंभ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पारंपरिक खेलों के प्रति रूचि जगाना तथा इसे पुनर्जीवित करना था।

पहले दिन दिन 10 अक्टूबर को गिल्ली-डंडा, भंवरा, कंचा एवं लंगड़ी जैसे पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। गिल्ली-डंडा प्रतियोगिता में केत साहू ने प्रथम, भंवरा प्रतियोगिता में पुष्पेंद्र साहू ने प्रथम, कंचा खेल में वेद कुमार ने प्रथम, बालिकाओं की प्रतियोगिता में भंवरा प्रतियोगिता में हिना वर्मा ने प्रथम व कंचा प्रतियोगिता में प्रीति टेकाम ने प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरे दिन 11 अक्टूबर को पिट्ठूल, कबड्डी तथा सूर (नमकघर) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने इन खेलों को उत्साह एवं जोश के साथ खेलते खेल भावना का परिचय दिया। प्रतियोगिता के अंत में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।













## उपमुख्यमंत्री की पहल से शुरू भोरमदेव विद्यापीठ बन रहा युवाओं की सफलता का आधार

# भोरमदेव विद्यापीठ के होनहारों ने बढ़ाया मान, राज्य स्तर पर चौथी रैंक हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारियों के लिए संचालित भोरमदेव विद्यापीठ अब जिले के प्रतिभागियों की तैयारियों के लिए मजबूत आधार बन कर उभर रहा है। यहां परीक्षा पैटर्न और सिलेबस के अनुसार मिल रहे मार्गदर्शन और सटीक रणनीति से छात्रों की तैयारी न केवल बेहतर हो रही है, बल्कि उनके प्रयास अब स्वर्णिम परिणामों में भी तब्दील हो रहे हैं। भोरमदेव विद्यापीठ के होनहारों ने हाल ही में आए विभिन्न परीक्षाओं में अपने प्रदर्शन से चयन सुनिश्चित किया है साथ ही छत्तीसगढ़ में टॉप-10 में जगह बनाकर अपने परिवार और जिले का नाम रौशन किया है।

इस संस्थान से अब तक नगर सेना में 5, प्रयोगशाला परिचारक के 2 तथा आबकारी आरक्षक के 1 अभ्यर्थी का चयन हो चुका है। विशेष उल्लेखनीय उपलब्धि ग्राम गौरकापा के देवनारायण साहू की रही, जिन्होंने भोरमदेव विद्यापीठ से निःशुल्क कोचिंग प्राप्तकर प्रयोगशाला परिचालक परीक्षा में प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया है। उनकी यह उपलब्धि जिले के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी है। भोरमदेव विद्यापीठ में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु मॉडल टेस्ट, करंट अफेयर्स क्लास, मॉक इंटरव्यू एवं सिलेबस आधारित टेस्ट सीरीज जैसी गतिविधियों का नियमित आयोजन किया जाता है। संस्थान के शिक्षकों द्वारा अभ्यर्थियों को परीक्षा के अनुसार समय प्रबंधन, उत्तर लेखन तकनीक और मानसिक सुदृढ़ता पर विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।

### भोरमदेव विद्यापीठ निःशुल्क कोचिंग सेंटर की शुरुआत की गई



उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा की पहल पर भोरमदेव विद्यापीठ निःशुल्क कोचिंग सेंटर की शुरुआत की गई है। यह पहल जिले के प्रतिभावान एवं होनहार विद्यार्थियों के लिए एक सशक्त अवसर के रूप में उभर रही है। यहां राज्य लोक सेवा आयोग पीएससी एवं व्यापम द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं अन्य प्रशासनिक पदों की तैयारी निःशुल्क करवाई जा रही है। कोचिंग सेंटर में अनुभवी एवं विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। साथ ही आधुनिक सुविधाओं से युक्त लाइब्रेरी, निःशुल्क अध्ययन सामग्री, ऑनलाइन वीडियो लेक्चर तथा सुव्यवस्थित कैफेटेरिया की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण प्राप्त हो रहा है। इसके अतिरिक्त, कोचिंग सेंटर में समय-समय पर शासकीय सेवाओं में चयनित एवं वर्तमान में सेवारत अधिकारीगण आमंत्रित किए जाते हैं। जो विद्यार्थियों को परीक्षा की रणनीति, समय प्रबंधन तथा साक्षात्कार की तैयारी जैसे विषयों पर व्यावहारिक अनुभव साझा करते हैं। भोरमदेव विद्यापीठ निःशुल्क कोचिंग सेंटर का उद्देश्य ग्रामीण एवं पिछड़े अंचलों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन प्रदान कर उन्हें प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफल बनाना है। यह पहल जिले में शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में एक नई दिशा और सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक बन रही है।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक सर्वसुविधायुक्त मार्गदर्शी केंद्र

भोरमदेव विद्यापीठ जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक सर्वसुविधायुक्त मार्गदर्शी केंद्र के रूप में उभर रहा है। जिससे छात्रों को स्थानीय स्तर पर तैयारी के लिए अनुकूल माहौल मिल रहा है। 10 मई में शुरू हुए संस्थान से अब छात्रों के चयन का क्रम शुरू हो चुका है। यह संस्थान की सार्थकता को बताने के साथ-साथ यहां पढ़ रहे, अन्य छात्रों को अपने-सपने पूरे करने के लिए पूरी लगन और समर्पण के साथ मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा। भोरमदेव विद्यापीठ का उद्देश्य है कि कोई भी प्रतिभाशाली छात्र केवल पैसों की कमी के कारण अपने सपनों से दूर न रहे। यह संस्थान अब कबीरधाम जिले के युवाओं के लिए सफलता का नया केंद्र बन गया है। पहले बैच के छात्र पूरे जोश और मेहनत के साथ पढ़ाई करते हुए सफलता पाई है। आने वाले समय में जिले के कई युवा प्रशासनिक और सरकारी सेवाओं में चयनित होकर जिले का नाम रौशन करेंगे।

# कबीर पंथ के अनुयायियों ने कराया मूक बधिर बच्चों को न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

केडीवी मिशन जिला कबीरधाम के तत्वाधान में कबीर पंथ के अनुयायियों द्वारा शासकीय दृष्टि एवं मुकबधिर स्कूल ग्राम पंचायत सिंघनपुरी में छात्र छात्राओं को सादगी-न्यौता भोजन कार्यक्रम का आयोजन इस वर्ष के पावन दीपावली के शुभ अवसर पर जीव, दया और आत्मा पूजा के माध्यम से दृष्टि और मूकबधिर के सभी बच्चों को सादगी भोजन खिलाकर केडीवी मिशन के प्रतिनिधि एवं आमिन माता महिला मंडल द्वारा सेवा कार्य किया गया। जिसमें सभी बच्चे सादगी भोजन ग्रहण कर उत्साही नजर आए, जिसमें केडीवी मिशन के राज्य उपमहिला प्रतिनिधि श्रीमती खिलेश्वरी साहू एवं केडीवी मिशन जिला कबीरधाम के जिला प्रतिनिधि रोशन साहू, जिला उपप्रतिनिधि दानीदास मानिकपुरी जिला युवा प्रतिनिधि ब्रम्हा पटेल, जिला महिला प्रतिनिधि श्रीमती लक्ष्मीन साहू, जिला परोपकारी प्रतिनिधि गोवर्धन साहू, जिला सलाहकार महंत अमृतदास साहेब, जिला सलाहकार पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, महंत तुलसी साहेब, सुदर्शन साहू, शीशुपाल, नरेन्द्र मानिकपुरी, जलेश्वर साहू, कालीदास, कुमार पटेल, टुम्मन साहू, जगेलाल, चुरावन साहू, दिलीप एवं सभी कबीर पंथ के अनुयायियों के उपस्थिति में सादगी सेवा कार्य सम्पन्न हुआ।

### कंझेटा स्कूल में द्वितीय पालक-शिक्षक बैठक संपन्न



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंझेटा में त्रैमासिक परीक्षा उपरांत द्वितीय पालक-शिक्षक बैठक संपन्न हुआ। प्राचार्य संजय वैष्णव ने बताया कि मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत पालकों को उनके बालक-बालिका के शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत करवाने एवं शिक्षा गुणवत्ता हेतु पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पालकों के साथ शिक्षकों की विद्यालयीन मुद्दों व शैक्षणिक स्तर में सुधार कार्य हेतु विस्तृत चर्चा की गई.। उक्त कार्यक्रम में त्रैमासिक परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को डाकोर साहू एवं तोषण साहू के द्वारा पुरस्कृत किया गया। वहीं अरुण साहू द्वारा उपस्थित पालकों को गमछा भेंटकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मोहन चंद्रवंशी समिति अध्यक्ष, सदस्य परस चंद्रवंशी, मुरली चंद्रवंशी, रमेश गौटिया, जगदीश साहू, शिक्षक प्रभाकर ताम्रकार, मोहन शर्मा, परमेश मरावी, अर्जुन, श्री देवांगन सहित बड़ी संख्या में पालक गण उपस्थित थें।

# कारखाना प्रबंधन ने 17 अक्टूबर तक गन्ना फसल की भुगतान करने का आश्वासन दिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

गत दिनों किसान कांग्रेस के नेतृत्व में हजारों किसानों ने पंडरिया एसडीएम कार्यालय का घेराव कार्यक्रम में पंडरिया की सड़को पर किसानों द्वारा अपनी मांगो के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचा। जहां किसानों ने कारखाना प्रबंधन से गन्ना फसल का भुगतान दीपावली पर्व से पहले होगा कि नहीं मांगो पर अड़े रहे। जिस पर कारखाना प्रबंधन द्वारा 17 अक्टूबर तक भुगतान करने का आश्वासन दिया हैं, जो कि किसानों की जीत है। जिसमें पंडरिया विधानसभा के काफी जनसंख्या में कांग्रेस किसान अपने हक की लड़ाई के लिए आवाज बुलंद करते हुए पंडरिया पहुंचे। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपस्थित किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, प्रभारी संगठन महामंत्री अकील हुसैन, प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक पांडेय, झम्मन बघेल सहित समस्त किसान कांग्रेस व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

### पसहर धान परिपक्व होकर तैयार एक-एक दाने एकत्रित करने जुटे किसान



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम जोराताल में ग्रामीण मजदूर और किसान ने बिना हल चला हुआ पसहर धान की फसल परिपक्व होकर तैयार हो चुके हैं, जिसके एक-एक दाने इकट्ठे कर रहे हैं, जिनकी तैयारी में ग्रामीण किसान व मजबूर जुटे हुए हैं। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार पूजा के लिए पसहर चांवल की विशेष महत्व एवं मांग रहती है, जो बिना हाल चले धान से तैयार होते हैं। यह चांवल बाजार में लगभग 120 रुपए से लेकर 150 रुपए प्रति किलो ग्राम की दर से बिकता है, कमर छठ छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्यौहार एवं पर्व माना जाता है, जिसे हल छठ या हल षष्ठी भी कहा जाता है, इस दिन महिलाएं संतान की प्राप्ति व लंबी उम्र तथा सुख, शांति व समृद्धि के लिए महिलाएं व्रत रखती हैं। वही कमर छठ व्रत के समय श्रद्धालु महिलाओं ने पसहर चांवल को पूजा पाठ के समय भगवान को भोग लगाते हैं। खिचड़ी खाकर अपना व्रत तोड़ते हैं, जिसे मनोकामना सिद्ध होती है और घर परिवार में सुख, समृद्धि व शांति मिलती है।

# अंशकालीन शाला संगवारी शिक्षकों ने पुनः कार्य पर रखने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में लगभग 70 अंशकालीन शाला संगवारी शिक्षक विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा जाति के युवक-युवतियां हुए बेरोजगार जुलाई माह में दो बार नियुक्ति के लिए गुहार लगाने के बाद भी दर-दर भटक रहे हैं तीन माह का लम्बा समय बीत जाने के बाद तीसरी बार ज्ञापन देने कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। जिसमें कबीरधाम जिले में वर्ष 2019 से कार्य कर रहे विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा जाति के अंशकालीन शाला संगवारी युवक-युवतियां शिक्षा सत्र 2025-26 में जुलाई माह में दो बार कबीरधाम कलेक्टर से नियुक्ति के लिए गुहार लगा चुके हैं, परंतु कोई नहीं सुनता सभी शाला संगवारी बेरोजगार हो गए हैं। जिस समय जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में शिक्षक विहीन व एकल शिक्षकीय विद्यालय था उस समय उन सभी स्कूलों में अध्यापन कराकर बेहतर परिणाम व गुणवत्ता दिये थे, लेकिन उसके परिणाम स्वरूप उल्टे आज उनके ऊपर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उनको रोजगार नहीं मिल रहा है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति काफी कमजोर हो गई है। जिससे उनको भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जो की मानसिक रूप से काफी परेशान हैं। पिछले सत्र नवंबर माह में राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय के सौजन्य से प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री से नियमितीकरण के लिए मुलाकात मुख्यमंत्री निवास में किए थे। मुख्यमंत्री ने मांग को उचित मानते हुए सहमति भी जताई थी उसके बाद कलेक्टर कबीरधाम ने शिक्षा सचिव स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय नियमितीकरण करण के लिए प्रस्ताव भेजा है, लेकिन आज पर्यन्त तक उसकी कोई जानकारी नहीं मिला है और वर्तमान शिक्षा सत्र 2025-26 में पुनः कार्य में रखने के लिए शाला संगवारियों के द्वारा माह जुलाई 2025 में 2 बार कबीरधाम कलेक्टर को ज्ञापन दे चुके हैं। शाला संगवारियों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार अधिकारियों द्वारा सिर्फ और सिर्फ आश्वासन मिलता है, लेकिन कार्यवाही नहीं होती। यह तीसरी बार है कि कलेक्टर से मुलाकात कर पुनः कार्य में रखने हेतु ज्ञापन सौपा गया। वहीं राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद व छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री से भी मुलाकात कर गुहार लगाया गया। जिस पर तत्काल फोन के माध्यम से कलेक्टर को निर्देशित किया कि अंशकालीन शाला संगवारियों को पुनः यथावत निःशर्त उन्हीं शालाओं में जल्द कार्यवाही कर नियुक्ति देने कहा गया, परन्तु आज पर्यन्त तक 3 माह से भी ज्यादा लंबा समय बीत गया है, परन्तु कार्यवाही नहीं हुई है। जिसके चलते तीसरी बार कलेक्टर कबीरधाम से मुलाकात कर ज्ञापन दिया गया, जिस पर कलेक्टर ने जल्द कार्यवाही कर नियुक्ति देने का भरोसा दिया है।



# सांसद पाण्डेय की अनुशंसा पर निर्माण कार्यों के लिए 34 लाख 25 हजार 300 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



सांसद संतोष पाण्डेय की अनुशंसा पर कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा जिले में अलग-अलग ग्रामों में निर्माण कार्यो के लिए 34 लाख 25 हजार 300 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। निर्माण कार्य के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। सांसद श्री पाण्डेय की अनुशंसा पर ग्राम पंचायत सिंगारपुर में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 4 लाख 85 हजार 989 रूपए, ग्राम पंचायत हरदी में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रूपए, ग्राम बेल्हरी ग्राम पंचायत छोटूपारा में मुरूम सड़क निर्माण कार्य के लिए 4 लाख 99 हजार 671 रूपए, ग्राम पंचायत सारी, चंदैनी, तालपुर में सीसी रोड निर्माण के लिए 5.5 लाख रूपए और ग्राम पंचायत हथलेवा में सीसी रोड निर्माण के लिए 4 लाख 99 हजार 700 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।

### विधायक भावना की अनुशंसा पर निर्माण कार्यो के लिए 15 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा की अनुशंसा पर कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा पंडरिया विधानसभा के अलग-अलग ग्रामों में निर्माण कार्यो के लिए विधायक मद से 15 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। निर्माण कार्य के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। विधायक मद से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुम्हार दनिया, सिंघनपुरी, गोछिया, दानीघटोली, भाठकुंडेरा और सेमरिया में चौक निर्माण कार्य के लिए 2.50-2.50 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।



### आरपीएस स्कूल के छात्र दिव्यांशु ने फहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विगत दिनों क्रीड़ा भारती संस्थान के द्वारा पूरे भारत भर में विद्यार्थियों की खेलों के प्रति रूचि को टटोलने के उद्देश्य से विभिन्न खेलों पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन ऑनलाईन मोड में किया गया, जिसमें जिले के श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा से शत से अधिक बच्चों ने अपनी सहभागिता दर्ज करायी, यहाँ यह बताना भी लाजिमी है कि पूरे कबीरधाम जिले से लगभग 1600 बच्चों ने पंजीयन कराया, जिसमें लगभग 1000 बच्चों ने परीक्षा दिलाया, हजार बच्चों को पछाड़ते हुए हमारी संस्थान के कक्षा नवमीं के छात्र दिव्यांशु चन्द्रवंशी ने पूरे जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। उक्त छात्र का सम्मान आकर्षक मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र से जिले के स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय, बस स्टैंड कवर्धा में किया गया, छात्र दिव्यांशु की रूचि प्रारंभ से ही खेलों की ओर रही है, जिसका परिणाम आज धरातल पर है। उक्त छात्र की सफलता एवं आयोजन के संबंध में संस्था के डायरेक्टर डॉ. आदित्य चन्द्रवंशी ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन बच्चों को मैदान तक ही सीमित न रखकर, अनेक जानकारी को परखने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है, वहीं प्राचार्या श्रीमती एम. शारदा ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ, इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के सर्वांगिण विकास हेतु आवश्यक है, संपूर्ण विद्यालय परिवार सहित रामकृष्ण खेल विभाग ने उक्त छात्र को खूब-खूब बधाईयां दी।




# किसानों की बड़ी समस्या अधिकारी संज्ञान में ले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

किसान आईडी बनने के बाद इसमे किसानो की कृषि भूमि अन्य अन्य गांवो में है, जिसे आईडी में ऐड करवाने में पटवारी एवं तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने के बाद भी काम नहीं होने से किसान मायूस हो रहे है। दो से चार बार कार्यालय जाने पर भी पटवारी एवं तहसीलदार से मुलाकात होना कठिन हो रहा है। मिलने पर सर्वर की समस्या बताकर दो से तीन दिन बाद की पेशी दी जा रही है, किसान इस वर्ष किसान आईडी में उनकी सभी जमीन दर्ज नहीं होने की दिशा में अपनी फसल नहीं बेच सकेंगे। इस तरह अपनी जमीन पटवारी एवं तहसीलदार से वेरिफाइड हुई या नहीं जानने के लिए किसान चॉइस सेंटर के चक्कर लगा रहे है।

किसानो को आईडी बनवाने, सभी खसरो को तथा अन्य गावो की जमीन को आईडी से ऐड करने के बाद पंजीयन के लिए 31 अक्टूबर तक अंतिम तिथि निर्धारित की है। किसान अपनी खेती का काम छोड़ कर कब तक कार्यालयो के चक्कर काटेंगे। जिस पर क्षेत्र के किसानों ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र इस ओर ध्यान देकर किसानो को इन समस्याओं से निजात दिलाने की अपील की गई।




HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की ऑनलाइन तिथि बढ़ी

**हरिभूमि कवर्धा।** राज्य के नर्सिंग महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवनेदन करने की तिथि तीन दिन बढ़ा दी गई है। विद्यार्थी अब 17 अक्टूबर शाम पांच बजे तक नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन भर सकेंगे। नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग समिति के अध्यक्ष ने इस बारे में सूचना भी जारी कर दी है। इस वर्ष 2025 में काउंसलिंग के जरिए बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक डिप्लोमा इन साईकियाट्रिक नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा। पहले इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 अक्टूबर थी। जिसे बढ़ाकर 17 अक्टूबर कर दिया गया है। काउंसलिंग, आवंटन और प्रवेश संबंधी सभी जानकारियां चिकित्सा शिक्षा संचालनालय की वेबसाईट पर भी उपलब्ध कराई गई है।

### सैनिक स्कूल अम्बिकापुर प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि कवर्धा।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश हेतु अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए द्वारा किया जाएगा। सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की आधिकारिक वेबसाईट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर शाम 05 बजे निर्धारित की गई है। जिले के इच्छुक अभ्यर्थियों आवेदन करने से पूर्व विस्तृत दिशा-निर्देश एवं पात्रता की जानकारी वेबसाईट पर ध्यानपूर्वक अध्ययन कर निर्धारित प्रारूप में अपना ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

भक्ति, सौंदर्य व संस्कृति का संगम बनेगी वाटिका, लोकार्पण 18 अक्टूबर को

# हनुमंत कृपा का आलोक बिखेरने जा रही कवर्धा की हनुमंत वाटिका

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

भक्तिभाव, संस्कृति और लोक आस्था की पवित्र धरती धर्मनगरी कवर्धा एक नए अध्याय की ओर अग्रसर है। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के निर्देशानुसार एवं उनके सोंच व मंशानुरूप नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कवर्धा शहर में विकास कड़ी को जोड़ते हुए भोजली तालाब के समीप विकसित हनुमंत वाटिका का निर्माण किया गया है, जिसका लोकार्पण समारोह 18 अक्टूबर शनिवार को शुभ मुहुर्त में पवित्र मंत्रोच्चार के साथ विधिवत रूप से संपन्न होगा।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि भव्य हनुमंत वाटिका का निर्माण नगर के सौंदर्यीकरण एवं आध्यात्मिक उत्थान के उद्देश्य से किया गया है। यहां स्थापित भगवान श्री हनुमान जी की विशालकाय प्रतिमा नगर के मध्य में श्रद्धा भक्ति का केंद्र बनेगी। हरीतिमा से आच्छादित परिषर, सुंदर पथ वाटिकाएं, विद्युत प्रकाश से सुसज्जित यह स्थान श्रद्धालुओं को भक्ति और आस्था का अद्वितीय अनुभव कराएगा। उन्होने बताया कि यह वाटिका न केवल नगरवासियों के लिए सुकुन स्थल है, बल्कि ध्यान, साधना और आत्मिक एकाग्रता का केन्द्र भी सिद्ध होगी।

नगर पालिका परिषद ने इसे आध्यात्मिक सौंदर्य का प्रतीक बताते हुए इसके संरक्षण एवं नियमित धार्मिक आयोजन की योजना बनाई है। हनुमंत वाटिका का लोकार्पण 18 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र संतोष पांडेय, दक्षिण कौशल पीठाधीश्वर राजीव लोचन महराज, कृषक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला भाजपाध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी, ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू, पूर्व विधायक सियाराम साहू, पूर्व संसदीय सचिव मोतीराम चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती सतविंदर पाहुजा, नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल सहित सभापतिगण, पार्षदगणों की उपस्थित में संपन्न होगा।

#### अवैध कब्जों को हटाकर बनाया भक्ति व सौंदर्य का प्रतीक स्थल



कभी अव्यवस्था, झोपड़ीनुमा दुकानों और अवैध कब्जों के कारण बदहाल रहा भोजली तालाब परिसर आज अपने नए स्वरूप में भक्ति, सौंदर्य और स्वच्छता का अद्भुत उदाहरण बन गया है। नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा इस स्थल को पूरी तरह नवजीवन देते हुए अब इसे हनुमंत वाटिका के नाम से विकसित किया गया है। जहां कभी अस्वच्छता और अतिक्रमण का अंबार दिखाई देता था, वहीं आज हरी-भरी वाटिका, वॉकिंग ट्रैक, ओपन जिम और बच्चों के लिए झूले व फिसल पट्टी जैसी आधुनिक सुविधाएं निर्मित की गई हैं। नगर पालिका के इस प्रयास ने न केवल उस क्षेत्र की सूरत बदल दी है, बल्कि कवर्धा नगर को एक नई पहचान भी दी है।

#### कवर्धा नगर के गौरव का प्रतीक बनेगी यह वाटिका

हनुमंत वाटिका कवर्धा नगर की पहचान में एक नया स्वर्णिम अध्याय जोड़ने जा रही है। यह न केवल नगर की आध्यात्मिक धरोहर होगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भक्ति और सौंदर्य का संगम भी सिद्ध होगी। यह स्थल सदा नगर को आलोकित करेगा। जहां भक्ति की ज्योति और हनुमंत कृपा का प्रकाश अनंतकाल तक बना रहेगा।

#### भव्य आयोजन की तैयारियां जोरों पर

नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि लोकार्पण समारोह हेतु नगर पालिका द्वारा समुचित तैयारियां पूरी कर ली हैं। स्थल पर पुष्प सजावट, प्रकाश व्यवस्था एवं धार्मिक-सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की व्यवस्था की गई है। लोकार्पण के उपरांत यहां प्रतिदिन निर्धारित समय पर आम लोगों के लिए खोली जाएगी। ताकि नियमित वॉकिंग, प्राणायम, योग सहित अन्य लगे खेल उपकरणों का आनंद लिया जा सके। उन्होनें आग्रह किया है कि 18 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे हनुमंत वाटिका में अपने परिवार सहित उपस्थित होकर भगवान श्री हनुमान जी के चरणों में नमन करें तथा हनुमंत कृपा का आशीर्वाद प्राप्त करें।



# शहर व अंचल में पारंपरिक छत्तीसगढ़ी सुआ नृत्य की धूम

■ नन्हे-मुन्हे बच्चों व क्षेत्रवासियों में दीपावली पर्व को लेकर तैयारियों व उत्साह का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ⏩बरबसपुर

शहर व अंचल में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक सुआ नृत्य मे बालिकाओं और महिलाओं द्वारा शानदार सुआ गीत व नृत्य की प्रस्तुति दी जा रही है। क्षेत्र में गांव-गांव और घरो-घर जाकर शानदार सुआ नृत्य की प्रस्तुति जो कि सुआ को टोकरी में रखकर सुआ गीत का संदेश दे रहे हैं, जैसे तरी हरी नाना मोर सुआ ना हो की गीतों की धूम से लोगों की मन को मोह रहे हैं। लोगों ने भेंट स्वरूप इनाम दे रहे हैं और आर्शीवाद ले रहे हैं। बताया जाता है कि भोजली, गौरा-गौरी, सुआ, जस गीत, करमा-ददरिया व बांस और पंडवानी जैसे लोकगीत सदियों से तीज त्यौहार और सामाजिक आयोजन में गाए जाते रहे हैं, किंतु सुआ गीत विशेष रूप से सामूहिक गीत है, जिसे मिट्टी से निर्मित सुआ को टोकरी में रखकर गोला आकार में खड़ी होकर ताली बजाते और झूम झूमकर थिरकते हुए प्रस्तुति किया जाता है। इसलिए दीपों का पर्व दीपावली को कहा जाता है जो पांच दिनों तक दीपावली का त्यौहार मनाया जाता है, इस अवसर पर नौनिहाल बच्चे और महिलाओं ने टोली बनाकर गांव-गांव और शहर में घर-घर जाकर अपनी छत्तीसगढ़ी पारंपरिक सुआ गीत के माध्यम से सुआ नृत्य की शानदार प्रस्तुति दे रहे हैं।

### दृष्टिहीनता का मुख्य कारण मोतियाबिंद

**हरिभूमि कवर्धा।** राष्ट्रीय दृष्टिहीनता एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कबीरधाम जिले में 26 वां विश्व दृष्टि दिवस जिलेभर में मनाया गया। जिलेभर में दृष्टि हानि की रोकथाम और नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जन जागरूकता संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। वही कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि प्रदेश में दृष्टिहीनता का मुख्य कारण मोतियाबिंद है, जिसका एकमात्र उपचार ऑपरेशन है। राज्य सरकार द्वारा मोतियाबिंद के आईओएल ऑपरेशन मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालयों और स्वयंसेवी अस्पतालों में पूरी तरह निःशुल्क किए जाते हैं।

# कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान शुरू, नए जिलाध्यक्ष चयन के लिए तीन पर्यवेक्षक पहुंचे

## 20 तक भेजी जाएगी छः नामों की सूची, एक महिला का नाम अनिवार्य, कांग्रेस में नई ऊर्जा भरने की तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन सृजन अभियान की औपचारिक शुरुआत कर दी है। इसी क्रम में कवर्धा जिले में नए जिलाध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने तीन पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया है, जो जिले में दो दिनों तक रहकर कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और आम नागरिकों से फीडबैक लेंगे। जिले में पहुंचे तीनों पर्यवेक्षक महाराष्ट्र के सांसद श्याम कुमार दौलत बर्वे, कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत और मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ब्लॉक से लेकर जिला स्तर तक कांग्रेस संगठन की स्थिति और संभावित नेतृत्व को लेकर रायशुमारी करेंगे।

स्थानीय उच्च विश्राम गृह कवर्धा में प्रेसवार्ता में सांसद श्याम कुमार दौलत बर्वे ने बताया कि जिले से छः नामों की सूची तैयार की जाएगी, जिसमें एक महिला का नाम अनिवार्य रूप से शामिल होगा। यह सूची 20 अक्टूबर से पहले अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष वही बनेगा जो कांग्रेस की विचारधारा को मजबूती से रख सके। संगठन को विपक्ष की भूमिका में सक्रिय बनाए और कार्यकर्ताओं को जोड़कर एकजुटता कायम कर सके। कवर्धा जिला राजनीतिक रूप से बेहद हाई प्रोफाइल इलाका माना जाता है। यह प्रदेश के बड़े नेताओं विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और सांसद संतोष पांडेय का गृह क्षेत्र है। ऐसे में कांग्रेस के लिए मजबूत और सर्वस्वीकार्य जिलाध्यक्ष का चयन बड़ी चुनौती मानी जा रही है। कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि संगठन सृजन अभियान के जरिए जिले में नई ऊर्जा का संचार होगा और विपक्ष के रूप में पार्टी अपनी भूमिका को अधिक प्रभावी ढंग से निभा सकेगी। इस दौरान प्रदेश सचिव कन्हैया लाल अग्रवाल, पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर, पूर्व विधायक प्रत्याशी लालजी चंद्रवंशी, गोपाल चंद्रवंशी, शहर अध्यक्ष अशोक सिंह, सीमा अनंत अगम, विजय पाण्डेय सहित कांग्रेस विंग के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थें।




# टीचर्स एसोसिएशन ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

■ पूर्ण पेंशन, क्रमोन्नति, टेट सहित चार सूत्रीय मांग शामिल।

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा



जिले के शिक्षकों ने छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष डॉ रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री, स्कूल शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव एवं लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक के नाम शिक्षकों के चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर की ओर से अपर कलेक्टर नरेंद्र पैकरा ने ज्ञापन स्वीकार किया।

चार सूत्रीय मांगों में शिक्षक एलबी संवर्ग के संविलियन से पहले की सेवा गणना कर पुरानी पेंशन का लाभ देना, केंद्र सरकार, उत्तरप्रदेश व उत्तराखंड सरकार की तरह 33 के बजाय 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पेंशन देना, टेट की अनिवार्यता को समाप्त करने हेतु सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करना एवं हाई कोर्ट बिलासपुर के डबल बेंच के निर्णय के अनुरूप क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान के लिए जनरल आर्डर जारी करना शामिल है। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ रमेश कुमार चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, उमेश चन्द्रवंशी, लक्ष्मण मिरी, राजकिरण चन्द्रवंशी, कविता राजपूत, देवानंद चन्द्रवंशी, अनिल पाण्डेय, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, दिलीप धुर्वे, चतुर मेरावी, दिनेश राजपूत, शिवचरण साहू, शिव धुर्वे, नरेंद्र चंद्रोल, राजेन्द्र तलवरे, शोभारानी मरकाम, ईश्वरी पटेल, ऊदल धुर्वे, रामसिंह धुर्वे, विनोद राजपूत, प्रकाश केशरवानी आदि उपस्थित थें।

### प्रभारी मंत्री की अनुशंसा पर निर्माण कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति मिली



हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

कैबिनेट मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन की अनुशंसा पर कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा कवर्धा विधानसभा के ग्राम डबराभाट से बरबसपुर में मुरूम सड़क निर्माण कार्यो के लिए प्रभारी मंत्री मद से 02 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। निर्माण कार्य के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कवर्धा को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है।

शराब पीकर वाहन चलाने एवं मॉडिफाइड साइलेंसर पर सख्त कार्यवाही

# अवैध मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज रफ्तार से बुलेट दौड़ाना पड़ा भारी, युवक पर 5000 का चालान



हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में कवर्धा नगर क्षेत्र में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान का संचालन एसडीओपी कवर्धा कृष्ण कुमार चन्द्राकर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली कवर्धा निरीक्षक योगेश कुमार कश्यप के नेतृत्व में किया गया। जिसमें 14 अक्टूबर को भारत माता चौक कवर्धा में लगाए गए चेकिंग प्वाइंट पर पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले, तीन सवारी बैठाने वाले और मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर शोरगुल व तेज रफ्तार से बाइक चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की गई।

इस कार्यवाही के दौरान प्रिंस बिसेन आयु 18 वर्ष, निवासी रामनगर कवर्धा को अपनी बुलेट में अवैध मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज गति से वाहन चलाते पकड़ा गया। इस लापरवाही की कीमत उसे 5000 के चालान के रूप में चुकानी पड़ी। पुलिस टीम ने शहर के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ जिले के सभी थाना क्षेत्र में सघन जांच कर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया। साथ ही बाइक पेट्रोलिंग के जरिए सुनसान इलाकों में असामाजिक तत्वों को हटाया गया और उनकी गतिविधियों पर नजर रखी गई। कबीरधाम पुलिस का यह अभियान आमजन की सुरक्षा, शांति और अनुशासन कायम रखने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। साथ ही आगामी त्यौहार के मद्देनजर क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी जा रही है। मॉडिफाइड साइलेंसर न केवल गैरकानूनी हैं बल्कि दूसरों के लिए परेशानी और खतरे का कारण बनते हैं। जिस पर पुलिस ने अपील है कि नागरिक यातायात नियमों का पालन करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं, तीन सवारी से बचें और अपने वाहनों में किसी भी प्रकार का अवैध परिवर्तन न करें। नियम तोड़ने वालों पर कठोर कार्यवाही जारी रहेगी।

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर दो दिवसीय जन-जागरूकता संपन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** अग्रणी शासकीय पीजी कॉलेज कवर्धा के मनोविज्ञान विभाग के तत्वाधान में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर दो दिवसीय जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा ने की। डॉ श्रीमती मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा करना और इसके प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें चित्रकला, भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिता शामिल रही। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में बिंदु कौशिक एवं साथी ने प्रथम स्थान, दुर्गेश्वरी एवं साथी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में मितेश देवांगन प्रथम, नेहा देवांगन द्वितीय तथा आयुष वाजपेयी तृतीय स्थान पर रहे। रंगोली प्रतियोगिता में नेहा देवांगन प्रथम, नागेश साहू द्वितीय तथा दुर्गेश्वरी नेताम एवं आस्था केशरवानी तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। द्वितीय दिवस आपदाओं एवं आपातकालीन स्थिति में मानसिक स्वास्थ्य तक पहुंच विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ विनोद चंद्रवंशी, ब्लॉक मेडिकल अधिकारी पिपरिया एवं जिला कबीरधाम के मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम नोडल अधिकारी रहे। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के कारण, लक्षण, बचाव, काउंसलिंग एवं उपचार पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ श्री चंद्रवंशी ने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए वर्ष 2025 की थीम आपदा एवं आपात स्थिति में मानसिक स्वास्थ्य तक पहुंच पर प्रकाश डाला तथा युवाओं को करियर एवं शिक्षा से जुड़े तनाव से बचने के उपाय बताए। एंग्जायटी, डिप्रेशन, साइकोसिस के बारे मे जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट मंजू वर्मा, साइकाइट्रिक नर्स अनिल हियाल एवं साइकाइट्रिक सोशल वर्कर अखिलेश उपस्थित थें। कार्यशाला पश्चात ऑन द स्पॉट क्विज हुआ, जिसमे आयुष सिंह ठाकुर, दीपांशु, मितेश देवांगन, मुस्कान, स्वाति, नीलिमा ने प्रश्नों के उत्तर देकर पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ कविता कन्नौजे ने किया। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित विविध गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिनमें विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस, करियर काउंसलिंग, तनाव प्रबंधन, समुदाय जागरूकता कार्यक्रम, नशा मुक्ति अभियान तथा विभिन्न कार्यशालाएं एवं सेमिनार शामिल हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक नरेंद्र कुमार कुलमित्र, डॉ राकेश चंदेल, मनोविज्ञान विभाग के अतिथि व्याख्याता पंचराम साहू एवं कृष्ण कुमार देवांगन का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के वॉलंटियर्स, मनोविज्ञान विषय के विद्यार्थी एवं अन्य छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

